<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 4614

23 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

केरल के लिए नई इस्पात परियोजनाएं

4614. एडवोकेट अदूर प्रकाशः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में अट्टिंगल, केरल में इस्पात कारखाने हेतु नई परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्वीकृति दी है;

(ख) यदि हां, तो योजनागत परियोजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और उक्त के लिए कितनी निधियाँ अनुमोदित हैं; और

(ग) क्या राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका एक सुविधा प्रदाता की है। किसी नए इस्पात संयंत्र/फैक्ट्री को स्थापित करने का निर्णय एकल कंपनियों द्वारा वाणिज्यिक पहलुओं, बाजार के समीकरणों और परियोजनाओं की तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता के आधार पर लिया जाता है।

इस्पात मंत्रालय इस्पात संयंत्र/फैक्ट्रियों को स्थापित करने के लिए राज्यों को किसी परियोजना/कार्यक्रमों के लिए कोई बजटीय सहायता उपलब्ध नहीं कराता है।

****